NSW GOVERNMENT Education Public Schools

Drive and park safely near schools

सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी

जब आपके बच्चे स्कूल से आ-जा रहे होते हैं, तो उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आपकी है।

स्कूलों के नज़दीक सुरक्षित रूप से गाड़ी चलाएँ और पार्क करें

स्कूली दिन के आरंभिक और अंतिम समय स्कूलों के बाहर पैदल यात्रा करने वाले लोगों और ड्राइवरों के लिए व्यस्त समय होते हैं।

आप निम्नलिखित बातें याद रखकर बच्चों को सुरक्षित रखने में मदद कर सकते/सकती हैं:

- बच्चों को सड़क के उस ओर उतारें और पिक अप करें जिस ओर स्कूल हो
- सड़क के दूसरी ओर से कभी भी बच्चों को न पुकारें – ऐसा करना बहुत खतरनाक होता है
- 40किमी की सीमा वाले स्कूली क्षेत्रों में गाड़ी चलाते समय हमेशा अतिरिक्त सावधानी बरतें
- पार्किंग के सभी संकेतों का पालन करें – ऐसा करने से बच्चों को अधिक से अधिक सुरक्षित रखने में मदद मिलती है
- जिम्मेदारी के साथ गाड़ी पार्क करें, चाहे ऐसा करने से आपको स्कूल गेट तक पहुँचने के लिए कुछ अधिक चलना पड़े
- यदि कोई गाड़ी सड़क के साथ पार्क हो, तो उसके साथ अपनी गाड़ी पार्क न करें – ऐसा करना गैर-कानूनी होता है और यह बच्चों के लिए खतरा पैदा करता है
- कभी भी स्कूल के बाहर यू-टर्न या थ्री-प्वाइंट टर्न न करें, क्योंकि ऐसा करने से बच्चों को चोट लगने का खतरा होता है
- पैदल यात्रा करते समय और गाड़ी चलाते समय अपने बच्चों के सामने सुरक्षित और दूसरों का ध्यान रखने वाले आचरण का प्रदर्शन करें।

कार से यात्रा करते समय यह सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे:

- बूस्टर सीट का प्रयोग करते हैं, यदि उनकी आयु 4 और 7 साल के बीच है – यह एक कानून है
- अपनी सीटबेल्ट में सही तरीके से बंधे हुए हैं
- कार से आते-जाते समय हमेशा 'सेफ्टी डोर' का प्रयोग करते हैं – यह कार का पिछला दरवाज़ा होता है जो फुटपॉथ की ओर होता है
- कभी भी कार में अकेले नहीं छोड़े जाते हैं।

और अधिक सहायता के लिए

विभाग का सड़क सुरक्षा शिक्षा कार्यक्रम देखें:
https://education.nsw.gov.au/road-safety-education या
https://education.nsw.gov.au और सड़क सुरक्षा से संबंधित शिक्षा की खोज करें।

6 महीने की आयु तक
स्वीकृत चाइल्ड कार सीट जिसमें बच्चे का मुँह पीछे की ओर हो

6 महीने से 4 साल तक की आयु
स्वीकृत चाइल्ड कार सीट जिसमें बच्चे का मुँह पीछे या सामने की ओर हो

4 साल से अधिक की आयु
स्वीकृत चाइल्ड कार सीट जिसमें बच्चे का मुँह सामने की ओर हो

145 सेंटीमीटर या इससे अधिक कद
वयस्क लैप-सैश सीटबेल्ट का प्रयोग करने के लिए सुझाया गया न्यूनतम कद